News Letter

बैसवारा चिन्तन

बैसवारा पी०जी० कालेज, लालगंज, रायबरेली

संपादक, डॉ . रमेश चंद्र यादव, असिस्टेंट प्रोफेसर, समाजशास्त्र

बैसवारा चिन्तन 08 मार्च, 2022

बैसवारा डिग्री कॉलेज में अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर व्याख्यान आयोजित

व्याख्यान में प्रतिभाग करते हुए महाविद्यालय के छात्र एवं छात्राएँ

अध्यक्षीय अभिभाषण देते हुए प्राचार्य, प्रो० उदयभान सिंह, बैसवारा डिग्री कॉलेज, लालगंज, रायबरेली।

डॉ० पुष्पा बरनवाल, एसोसिएट प्रोफेसर हिन्दी विभाग, बैसवारा डिग्री कॉलेज, लालगंज, रायबरेली अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर व्याख्यान देती हुई।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर अभिभाषण देते हुए
सेवानिवृत्त वरिष्ठ आचार्य महादेव सिंह जी।

संचालन करते हुए कार्यक्रम संयोजक डॉ० रमेश चन्द्र यादव, असिस्टेंट
प्रोफेसर, समाजशास्त्र बैसवारा डिग्री कॉलेज लालगंज, रायबरेली

कॉलेज में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

लालगंज, रायबरेली (स्पष्ट आवाज)। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर बैसवारा डिग्री कॉलेज के समाजशास्त्र विभाग द्वारा एक दिवसीय व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा राष्ट्रगीत गायन से किया गया। इसके पश्चात छात्र छात्राओं ने लैंगिक समानता विषय पर अपने अपने विचार व्यक्त किए। समाजशास्त्र के विभागाध्यक्ष डॉ शैलेंद्र सिंह व डॉक्टर सूर्य कुमार मिश्र ने भी अपने अपने विचार व्यक्त किए। डॉ पुष्पा वरनवाल ने महिलाओं के स्वाभिमान और आत्मनिर्भरता के संबंध में अपने विचार व्यक्त किए। डॉक्टर एमडी सिंह ने बताया कि वेदों में स्त्रियों को अधिकार दिए गए हैं। उनका जीवन गौरवपूर्ण था।हिंदी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉक्टर निरंजन राय ने महिलाओं के विकास में पुरुषों के योगदान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि समाज में महिलाओं व पुरुषों का बराबर महत्व है। महिलाएं किसी भी मायने में पुरुषों से कम नहीं हैं। युवा पीढ़ी लैंगिक समानता के विकास में अग्रसर है। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर रमेश चंद्र यादव ने किया। धन्यवाद ज्ञापन डॉक्टर नवीन कुमार विश्वकर्मा द्वारा किया गया। इस अवसर पर डॉ आशुतोष सिंह, संजीत सिंह ,कुंदन सिंह ,राजेंद्र सिंह, सत्येंद्र सिंह ,डॉ अजय सिन्हा ,श्रीमती अंजू सिंह, डॉक्टर शैलजा सिंह, अंजली पांडे, पूजा सहित भारी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

जैविक असमानता नही , बल्कि सामाजिक असामनता ही है मूल समस्या– प्राचार्य

बैसवारा पी0जी0 कालेज लालगंज, रायबरेली के समाजशास्त्र विभाग द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर एक दिवसीय व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यकम का आरम्भ महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा राष्ट्रगीत प्रस्तुत करके किया गया। तत्पश्चात छात्रों और छात्राओं ने लौगिंक समानता पर अपने अपने विचार व्यक्त किये। समाजशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ0 शैलेन्द्र सिंह ने वाचिक स्वागत एवं विषय प्रवर्तन किया। इसी कम में डॉ0 सूर्य कुमार मिश्रा ने महिलाओं के अधिकारों पर प्रकाश डाला। डॉ0 पुष्पा बरनवाल ने महिलाओं के स्वाभिमान और आत्मनिर्भरता की विवेचना की। डॉ0 एम0डी0 सिंह ने अपने विचार व्यक्त करते हुए बताया कि वेदों में स्त्रियों को अधिकार दिये गये थे और उनका जीवन गौरवपूर्ण था। हिन्दी विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो0 निरंजन राय ने महिलाओं के विकास में पुरूषों के योगदान के महत्व पर प्रकाश डाला। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 उदयभान सिंह ने महिला दिवस की थीम पर प्रकाश डालते हुए बताया कि जैविक असमानता एक समस्या नही है, बल्कि इसे सामाजिक असामनता प्रदान करना समस्या है जो समाज के विकास को अवरूद्व करती है। युवा पीढी लैंगिक समानता के विकास में अग्रसर है। कार्यकम का संचालन डॉ0 रमेश चन्द्र यादव ने किया और धन्यवाद ज्ञापन डॉ0 नवीन कुमार विश्वकर्मा ने किया। इस अवसर डॉ0 आशुतोष सिंह, श्री संजीत सिंह चौहान, श्री कुन्दन कुमार, डॉ0 राजेन्द्र सिंह, श्री सतेन्द्र सिंह, डॉ0 अजय कुमार सिन्हा, श्रीमती अन्जू सिंह, डॉ0 शैलजा सिंह, अंजली, पूजा इत्यादि उपस्थित थे।